Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 7:10 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:12 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 309 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 9 जून 2026



श्रद्धा कपूर की नई फिल्म ईथा...पेज-3 पर

## ऑनलाइन मिलेगी साइबर ठगी की रकम, रिफंड के लिए नहीं काटने पड़ेंगे दफ्तरों के चक्कर

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

साइबर ठगी के शिकार लोगों के लिए राहत भरी खबर है। अब ठगी के बाद फ्रीज कराई गई धनराशि को वापस पाने के लिए पीड़ितों को पुलिस, बैंक और अन्य कार्यालयों के बार-बार चक्कर नहीं लगाने होंगे। गृह मंत्रालय के अधीन इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आई4सी) ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर नया मनी रिस्टोरेशन मॉड्यूल (एमआरएम) शुरू किया है, जिससे साइबर अपराध पीड़ित घर बैठे ऑनलाइन रिफंड के लिए आवेदन कर सकेंगे।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ उत्तराखंड ने बताया कि साइबर ठगी के मामलों में पीड़ितों को शीघ्र आर्थिक राहत दिलाने के उद्देश्य से यह डिजिटल व्यवस्था लागू की गई है। नई प्रणाली के तहत पात्र शिकायतकर्ता अपनी होल्ड कराई गई राशि की वापसी के लिए सीधे पोर्टल पर आवेदन कर सकेंगे, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सरल बनेगी। अधिकारियों के अनुसार इस सुविधा का लाभ केवल उन्हीं लोगों को मिलेगा जिन्होंने समय रहते एनसीआरपी पोर्टल या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई हो और जिनकी धनराशि अपराधियों के बैंक खातों में फ्रीज कराई जा चुकी हो। यदि आरोपी रकम निकालने में सफल हो चुके हैं तो ऐसे मामलों में यह सुविधा लागू नहीं होगी। एसएसपी एसटीएफ ने बताया कि यदि किसी एक बैंक खाते में 50 हजार रुपये तक की राशि होल्ड है तो रिफंड के लिए एफआईआर अथवा न्यायालय के आदेश की आवश्यकता नहीं होगी। वहीं 50 हजार रुपये से अधिक की कुल होल्ड राशि यदि अलग-अलग खातों में है और किसी एक खाते में 50 हजार रुपये से ज्यादा रकम नहीं है, तब भी केवल पुलिस रिपोर्ट के आधार पर धनराशि वापस कराई जा सकेगी। हालांकि किसी एक खाते में 50 हजार रुपये से अधिक राशि फ्रीज होने की स्थिति में एफआईआर दर्ज होना अनिवार्य होगा। इसके बाद पीड़ित एमआरएम पोर्टल के माध्यम से रिफंड प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। पोर्टल पर आवेदन करने के लिए शिकायतकर्ता को अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से लॉगिन करना होगा। 14 अंकों की शिकायत आईडी दर्ज करते ही होल्ड राशि का विवरण स्क्रीन पर दिखाई देगा। इसके बाद पैन कार्ड, बैंक खाता विवरण और आईएफएससी कोड दर्ज कर आवेदन जमा करना होगा। आवेदन के बाद जारी होने वाली यूनिक रिक्वेस्ट आईडी के माध्यम से आवेदक अपने प्रकरण की स्थिति ऑनलाइन देख सकेंगे। पुलिस सत्यापन और कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद संबंधित बैंक सीधे पीड़ित के खाते में धनराशि स्थानांतरित करेगा। एसएसपी एसटीएफ ने लोगों से अपील की है कि रिफंड प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है। किसी भी बिचौलिए या अज्ञात व्यक्ति के झांसे में न आएं और केवल अधिकृत पोर्टल का ही उपयोग करें। किसी प्रकार की तकनीकी समस्या होने पर निकटतम थाना या साइबर सेल से सहायता ली जा सकती है। उन्होंने नागरिकों से साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर संपर्क करने और जल्द से जल्द शिकायत दर्ज कराने की अपील की, ताकि समय रहते रकम को फ्रीज कराकर वापस पाने की संभावना बढ़ाई जा सके।

### ट्रंप बोले- परमाणु समझौते के लिए तैयार है तेहरान

## दो सप्ताह के भीतर ईरान पर पूरी जीत का दावा

**नई दिल्ली**

एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अगले दो हफ्तों में अमेरिका ईरान के साथ युद्ध में पूरी जीत हासिल करेगा और परमाणु समझौते पर प्रगति होगी। उन्होंने कहा कि ईरान बातचीत के लिए तैयार है। वहीं, ईरान और इस्राइल ने फिलहाल सैन्य कार्रवाई रोक दी है, जिससे क्षेत्रीय तनाव कुछ कम हुआ है।



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिका अगले दो सप्ताह के भीतर ईरान के साथ चल रहे विवाद में पूरी जीत हासिल कर लेगा। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ परमाणु समझौते को लेकर बातचीत सही दिशा में आगे बढ़ रही है और जल्द ही बड़ा परिणाम सामने आ सकता है। ट्रंप ने यह बयान एक वर्चुअल चुनावी कार्यक्रम के दौरान दिया। उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत जारी है और तेहरान अब समझौते के लिए तैयार दिख रहा है। ट्रंप के मुताबिक, ईरान परमाणु हथियार न बनाने की शर्त सहित अमेरिका की प्रमुख मांगों को स्वीकार करने के लिए तैयार है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने आगे कहा, %हम अभी बातचीत कर रहे हैं और वे एक बहुत अच्छा समझौता करना चाहते हैं। वे हमें सब कुछ देने को तैयार हैं। वे परमाणु हथियार नहीं रखने के लिए भी तैयार हैं%। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि आने वाले दो हफ्तों में स्थिति पूरी तरह बदल सकती है। उन्होंने कहा कि जब अमेरिका अपनी पूर्ण जीत की घोषणा करेगा तो इसका असर वैश्विक तेल बाजार पर भी पड़ेगा और तेल की कीमतों में गिरावट देखने को मिल सकती है।



### 24 भारतीय नाविकों को सुरक्षित बचाया गया

ओमान के मसिराह तट के पास तेल टैंकर एमटी मैरिवेक्स पर मिसाइल हमला हुआ। जहाज पर सवार 24 भारतीय नाविकों की सुरक्षा के लिए एमआरसीसी मुंबई ने तुरंत ओमान की एजेंसियों से संपर्क किया। ओमान नौसेना के हेलीकॉप्टरों ने सभी नाविकों को सुरक्षित बचा लिया। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। ओमान के तट के पास एक व्यापारी तेल टैंकर पर हुए मिसाइल हमले के बाद उस पर सवार 24 भारतीय नाविकों को सुरक्षित बचा लिया गया।

## एमजी कार के सौदे में खानपुर विधायक से 4.50 लाख की ठगी

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

व्हाट्सएप पर कार की तस्वीरें दिखाने के बाद सौदा 4.50 लाख रुपये में तय हुआ और वाहन की डिलीवरी देहरादून में देने की बात कही गई। विधायक की ओर से 4.50 लाख रुपये आरोपी के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए गए। इसके बाद आरोपी ने कार देने से मना कर दिया।

पुरानी एमजी कार के सौदे के नाम पर खानपुर विधायक उमेश शर्मा से साढ़े चार लाख की ठगी हो गई। विधायक के मैनेजर असद खान ने राजपुर थाने में शिकायत दी है। इसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। तहरीर के अनुसार, विधायक उमेश कुमार के आईटी पार्क स्थित कार्यालय के मैनेजर के मोबाइल पर अगस्त 2025 में झारखंड के रांची निवासी एक व्यक्ति ने पुरानी मॉरिस कार बेचने का प्रस्ताव भेजा था। व्हाट्सएप पर कार की तस्वीरें दिखाने के बाद सौदा 4.50 लाख रुपये में तय हुआ और वाहन की डिलीवरी देहरादून में देने की बात कही गई। आरोप है कि विधायक की ओर से अलग-अलग तारीखों में कुल 4.50 लाख रुपये आरोपी के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए गए। भुगतान मिलने के बाद जब कार भेजने को कहा गया तो आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने कार बेचने के बहाने धोखा देकर रुपये लिए हैं। इसके बाद उसने न तो वाहन भेजा और न ही रकम लौटाई।

### सड़क हादसे में परिवहन निगम कर्मचारी की मौत

**हल्द्वानी।** काठगोदाम बाईपास रोड पर हुए सड़क हादसे में उत्तराखंड परिवहन निगम के एक कर्मचारी की मौत के बाद परिजनों ने ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में मृतक के ससुर ने कोतवाली काठगोदाम में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है


गौलापार खेड़ा निवासी 43 वर्षीय अजय सिंह कुंजवाल सात जून की देर रात अपने परिचित से मिलने पैदल जा रहा था इसी दौरान महाकाली बैंक्वेट हॉल के पास काठगोदाम की ओर से आ रहे एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना देने के साथ ही उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

## शनिबाजार रोड पर किशोरी की सड़क हादसे में मौत

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

बनभूलपुरा क्षेत्र के शनिबाजार रोड पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में जान गंवाने वाली किशोरी का मंगलवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। हादसे के बाद मृतका के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और मोहल्ले में भी शोक का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, मुरादाबाद निवासी 14 वर्षीय आदिया गर्मियों की छुट्टियां बिताने के लिए अपने मामा के घर इंद्रानगर बरसाती आई हुई थी। सोमवार शाम वह अपनी ममेरी बहन के साथ स्कूटी से बाजार जा रही थी। इसी दौरान शनिबाजार रोड पर तेज रफ्तार डंपर ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में आदिया डंपर के पहिये की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरी किशोरी सुरक्षित बच गई। घटना के बाद चालक डंपर छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को शांत कर यातायात व्यवस्था बहाल कराई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मंगलवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी होने के बाद किशोरी का शव परिजनों को सौंप दिया गया। शव घर पहुंचते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। क्षेत्र के लोगों ने भी परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर हादसे की जांच की जा रही है।



# एसआईआर को गंभीरता से लें जिले के सभी बीएलओ:डीएम



## नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में एसआईआर की शुरुआत पर बीएलओ द्वारा जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी ललित मोहन रयाल को भी गणना फॉर्म मुहैया कराया गया।

इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी हंसा दत पांडेय, बीएलओ राजेंद्र गिरी, सुपरवाइजर कैलाशचंद जोशी समन्वयक गिरीश तिवारी आदि मौजूद रहे। इस दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ललित मोहन रयाल ने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि यह एक राष्ट्रीय अभियान है,जिले के सभी मतदाता बूथ लेवल ऑफिसर को इस अभियान में अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने बीएलओ से कहा है कि फ ॉर्म देते समय सही जानकारी दें तथा प्राप्त करते समय फ ॉर्म को भली भांति जाँच कर लें।



## बीएलओ पूजा ने कमिश्नर रावत को मुहैया कराया गणना फार्म

नैनीताल में एसआईआर अभियान के तहत सोमवार को बीएलओ पूजा द्वारा कुमाऊं आयुक्त व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत के आवास पंहुचकर गणना उन्हें फ ॉर्म मुहैया कराया गया तथा इस संबंध में आवश्यक जानकारी दी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी/उपजिला निर्वाचन अधिकारी विवेक कुमार राय, उपजिलाधिकारी/ ईआरओ नवाजिश खालिक भी उपस्थित रहे।

# राज्यपाल को ईआरओ ने मुहैया कराए गणना फॉर्म

## नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है इसी के तहत सोमवार से नैनीताल जिले के सभी मतदाताओं को गणना फार्म बांटने का कार्य भी शुरु हो गया है। इस अभियान की औपचारिक शुरुआत लोकभवन नैनीताल में राज्यपाल लेफिटनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) को ईआरओ द्वारा गणना फ ॉर्म मुहैया कराया गया। इस अवसर पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बीएलओ द्वारा प्रत्येक मतदाता के घर जाकर गणना फ ॉर्म वितरित किए जाएंगे तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मतदाता विवरणों का सत्यापन एवं अद्यतन कार्य किया जाएगा। यह अभियान निर्वाचन नामावली को अधिक शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैए जिससे सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित किया जा सके।इस अवसर पर कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत, अपर सचिव रीना जोशी, अपर जिलाधिकारी विवेक राय तथा उप जिलाधिकारी नवाजिश खालिक मौजूद रहे।

## उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोडल अधिकारियों के साथ एसआईआर को लेकर बैठक ली

रुद्रपुर। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी कौस्तुभ मिश्र की अध्यक्षता में सोमवार को कार्यालय में नोडल अधिकारियों के साथ भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जुलाई 2026 की अर्हता तिथि के अधार पर निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित हुई।

उन्होंने एसआईआर में लगाये गये कर्मिकों को निर्देश दिये कि वे इस कार्य को प्राथमिकता से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को समावेशी, पारदर्शिता से आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाये। उन्होंने कहा कि एसआईआर मजबूत लोकतंत्र के लिए त्रुटिरहित और अद्यतन मतदाता सूची अत्यंत आवश्यक है, इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी।



# लोक संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन में महोत्सवों का विशेष महत्व:हेम

## नैनीताल

हमारे संवाददाता

भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य हेम चंद्र आर्य ने जिले के बेतालघाट में चल रहे बेतालघाट महोत्सव के समापन पर बतौर मुखय अतिथि कहा कि इस तरह के महोत्सव से लोगों को उत्तराखंडी लोक संस्कृति के संरक्षण व संबर्धन का मौका मिलता है।

आर्य ने कहा कि महोत्सवों का आयोजन लोगों को उनकी लोक संस्कृति को नजदीक से समझने का मौका प्रदान करते हैं। कहा कि युवाओं को अधिक से अधिक महोत्सवों में प्रतिभाग कर इन महोत्सवों से खीखना चाहिए। इससे पूर्व आर्य ने दीप जलाकर महोत्सव की शुरुआत की। महोत्सव के समापन के दौरान लोक कलाकार इंद्र आर्य के गानों की धूम मची रही। महोत्सव कमेटी के संरक्षक राहुल अरोड़ा द्वारा मुखय अतिथि आर्य का साल शाल ओढा कर स्वागत किया गया। इस दौरान आर्य के साथ यू.एस.सिजवाली, पुष्कर सिंह जलाल, पूरन सिंह जलाल, गोधन सिंह, गणेश सिंह बोहरा, टीका सिंह जलाल, राकेश सिंह, मोहन सिंह, कुंदन सिंह तथा आनंद सिंह आदि पार्टी कार्यकर्ता भी शामिल रहे।

# लेक सिटी क्लब की माता की चौकी ने मचाई धूम

## नैनीताल

हमारे संवाददाता

लेक सिटी वेलफेयर क्लब की ओर से नगर के शैले ह्रल में माता की चौकी का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष धार्मिक मौके पर रुद्रपुर के भजन गायक राजीव तूफानी एवं शुभम सकसेना की टीम ने आकर्षक भजनों पहाड़ी, हिंदी, पंजाबी भजनों को गाकर माता का गुणगान किया।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ यजमान रमा लोहनी दंपति द्वारा वैदिक मंत्र के साथ पूजा कर शुरू किया गया। राजीव तूफ ानी द्वारा सारे तीरथ धाम आपके चरणों में..., मन में बसी तेरी मूरत..., मैं उतारू तेरी आरती एवं सारी दुनिया में गूंजे शेरावाली की जय जयकार आदि भजनों ने मन मोहा। कार्यक्रम के समापन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर कलब की अध्यक्ष कविता त्रिपाठी, सचिव डा. प्रगति जैन, कार्यक्रम संयोजक उर्मिला चौहान, सह संयोजक रानी शाह, सीमा सेठ ,रमा लोहनी, अनुराधा भट्ट, बिमलेश गोस्वामी, दीपिका बिनवाल, नीलम गुप्ता, अमिता शेरवानी, आभा शाह, विनीता पांडे, भावना शाह, प्रेमा अधिकारी, कंचन जोशी, रेखा पंत, भावना शाह, जूही अग्रवाल, जया वर्मा, दिव्या शाह, सोनू शाह, संगीता गुप्ता, सीमा नौटियाल, दीपा पांडे, गीता शाह, ज्योति ढौडियाल, मधुमिता, सविता कुलारा, दया कुंवर, तुसी शाह, डॉ. पल्लवी आदि सदस्य उपस्थित थे। अंत में कार्यक्रम संयोजक उर्मिला चौहान ने सभी का आभार जताया।



## NEWS / फटाफट

### कैंट बोर्ड की सीईओ तनु सेठ ने की राज्यपाल से मुलाकात

नैनीताल । राज्यपाल लेफिटनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से सोमवार को लोक भवन में नैनीताल छावनी बोर्ड की मुखय कार्यकारी अधिकारी तनु सेठ ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने सीईओ तनु सेठ से नैनीताल छावनी बोर्ड के बारे में कई जानकारियां हासिल कर कई निर्देश भी दिए। इससे पूर्व सीईओ तनु सेठ ने राज्यपाल का स्वागत कर छावनी बोर्ड के कार्यों के बारे में विस्तार से बताया।

### आदि कैलाश यात्रा दल को जोड़ा पौधरोपण अभियान से



नैनीताल । कुमाऊं मंडल विकास निगम के पर्यटक आवास गृह डीडीहाट में आदि कैलाश यात्रा से वापस लौट रहे दल के यात्रियों को पौधारोपण अभियान के 693वें दिन कुमाऊं मंडल विकास निगम के पूर्व प्रबंधक व राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी ने हिमालय बचाओ अभियान से जोड़ते हुए शपथ दिलाई। इस दौरान यात्रियों को पर्यटक आवास गृह चौकोड़ी में पौधारोपण हेतु पौधे दिए। यात्रियों ने दिनेश गुरुरानी द्वारा चलाई जा रही हिमालय बचाओ अभियान की मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि वह यात्रा पूरी करने के उपरांत अपने घर पर भी पौधारोपण करेंगे। यात्री दल का स्वागत करने वालों में प्रबंधक मनोज कुमार, बलवंत सिंह बबलू, हर सिंह, गजेंद्र धामी, ललित कुमार, त्रिभुवन, कोऑर्डिनेटर प्रकाश चंद्र उपस्थित रहे। यात्रा दल में 32 यात्री शामिल रहे। यात्रा दल दिन का भोजन करने के उपरांत चौकड़ी को प्रस्थान कर दिया।

### शोधार्थियों को सरकार की विज्ञान के क्षेत्र की कामयाबियां गिनाई

नैनीताल । भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य डा.भुवन चंद्र आर्य ने सोमवार को कुविवि के डीएसबी परिसर के रसायन विज्ञान विभाग के नैनो विज्ञान एवं नैनो तकनीक में शोध छात्रों से वार्ता की जिसमें उनकी ओर से भाजपा की डबल इंजन सरकार की ओर से चलायी जा रही विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने सरकार की ओर से विज्ञान के क्षेत्र की कामयाबियां भी गिनाई। इस दौरान डॉ, सतीश सती, प्रभात पंत, अक्षय कंबोज, अमित रौतेला, गणेश चन्द्र, नीलम शर्मा, नीलम रावत,पूनम, दीक्षा भट्ट, सौरभ बुढ़ालाकोटी, प्रियंका तिवारी, शुभम कथूरिया, तनुजा आर्य तथा मनोज बोहरा आदि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से 45 लाभार्थियों को सहायता



लालकुआं। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के तहत मंगलवार को लालकुआं तहसील परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 45 पात्र लाभार्थियों को आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए गए। यह सहायता क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट के प्रयासों से स्वीकृत हुई। कार्यक्रम में विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट ने लाभार्थियों को चेक प्रदान करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की सहायता के लिए लगातार कार्य कर रही है। आर्थिक सहायता प्राप्त करने वाले लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट का आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान तहसील प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लालकुआं अरुण जोशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष हल्दूचौड़ विजय रोहित दुमका, महामंत्री बॉबी संभल, राजकुमार सेतिया, वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद श्रीवास्तव, हरीश नैनवाल, विनोद शर्मा, अभिषेक सिंह, के.के. पांडे, विधायक प्रतिनिधि गोविंद सिंह राणा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# कलेक्ट्रेट मार्ग में चलाया गया विशेष सफाई अभियान

## नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में पर्यावरण संरक्षण और पर्यावरण की शुद्धता को बनाए रखने के लिए कूड़े के वैज्ञानिक व व्यवस्थित निस्तारण को लेकर सोमवार को एक महत्वपूर्ण चर्चा तल्लीतल के कलकट्रेट सड़क (कूर्मांचल बैंक के निकट) में विशेष सफाई अभियान के दौरान हुई।

इस दौरान नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने स्पष्ट किया कि नैनीताल को स्वच्छ रखने के लिए सघन जागरूकता अभियान के साथ-साथ अब धरातल पर ठोस पहल करने का समय आ गया है। कहा कि नगर पालिका परिषद अपनी तय क्षमता से कहीं अधिक कूड़ा कचरा एकत्र कर उसका रोजाना निस्तारण कर रही है। बोली पालिका के पर्यावरण मित्र और सभी कर्मचारी प्राथमिकता से इस कार्य में लगे रहते हैं। सीमित संसाधनों के कारण टीम को रोजाना जीरो से शुरुआत करनी पड़ती है जिसके चलते उनकी यह अथक मेहनत दिखाई नहीं देती। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए जनता की भागीदारी और कड़े कदम उठाना अनिवार्य है। इस दौरान चले विशेष सफाई अभियान में तल्लीताल बाजार वार्ड की पालिका सभासद गीता उप्रेती,कार्यक्रम आयोजक पूरन सिंह मेहरा समेत अरविन्द सिंह पडियार ( कुविवि के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष/ वरिष्ठ भाजपा नेता), पंकज राठोर (पूर्व जिलाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ), नासिर खान (व्यापार मंडल उपाध्यक्ष प्रतिनिधि), धर्मानन्द पालीवाल (अध्यक्ष ग्वल सेना) समेत संतोष साह,मनोज गंगोला, विरेंद्र राठौर, भावेस भट्ट व दीप पाण्डे के साथ ही पालिका के कर्मचारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे, सभी ने एक स्वर में नैनीताल को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया अंत में कार्यक्रम के मुखय आयोजक पूरन सिंह मेहरा ने सभी का धन्यवाद किया।

## ओवरलोड सरिया से भरी पिकअप पर पुलिस का शिकंजा

नैनीताल । नगर की सड़कों पर लापरवाही और नियमों की अनदेखी कर दौड़ रहे ओवरलोड वाहनों के खिलाफ पुलिस ने सखत रुख अपनाया है।

सोमवार को तल्लीताल क्षेत्र में सरिया से लदी एक ओवरलोड पिकअप को पुलिस ने सीज कर दियाए जबकि चालक के ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) के निरस्तीकरण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार हल्द्वानी से नैनीताल पहुंची यूके 04 सीसी 0070 पिकअप में क्षमता से अधिक सरिया लादा गया था।कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि ओवरलोडिंग वाहन से बाहर निकली सरिया और यातायात सुरक्षा नियमों की अनदेखी को गंभीरता से लेते हुए वाहन को सीज कर दिया गया है साथ ही चालक रौशील निवासी चंद्रशेखर के ड्राइविंग लाइसेंस के निरस्तीकरण के लिए संबंधित विभाग को रिपोर्ट भेजी गई है।

# अभिमत

## तंत्र की विफलता

*प्रशासनिक तंत्र की विफलता का नतीजा कुमाऊं के महानगर हल्द्वानी में भी सामने आया है। अमेजन के गोदाम में आग लगने से दो कर्मचारियों की मौत हो गई। जांच से आग लगने के कारण का पता चलेगा। प्रथमदृष्टया यह ज्ञात नहीं है कि गोदाम में अग्निशमन यंत्र तथा सुरक्षा के मानकों का पालन किया गया था अथवा नहीं। दिल्ली के होटल में आग से 21 लोगों की मौत त्रासदी से कम नहीं है। इसके बाद उत्तराखंड में भी प्रशासन तंत्र की नींद टूटी और होटल, अस्पताल, मॉल तथा अन्य प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा के प्रबंध की जांच शुरू की गई।*

ग्रीष्मकाल में रिहायशी इलाकों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, उद्योगों में आग लगने की घटनाएं सामने आती हैं। कुछ अग्निकांड वास्तव में दुर्घटना होते हैं। दिल्ली के होटल, मुजफ्फरपुर के अस्पताल में आग की घटना सिर्फ दुर्घटना नहीं थी, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था और नियमों की अनदेखी है। प्रशासनिक तंत्र की विफलता का नतीजा कुमाऊं के महानगर हल्द्वानी में भी सामने आया है। अमेजन के गोदाम में आग लगने से दो कर्मचारियों की मौत हो गई। जांच से आग लगने के कारण का पता चलेगा। प्रथमदृष्टया यह ज्ञात नहीं है कि गोदाम में अग्निशमन यंत्र तथा सुरक्षा के मानकों का पालन किया गया था अथवा नहीं। दिल्ली के होटल में आग से 21 लोगों की मौत त्रासदी से कम नहीं है। इसके बाद उत्तराखंड में भी प्रशासन तंत्र की नींद टूटी और होटल, अस्पताल, मॉल तथा अन्य प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा के प्रबंध की जांच शुरू की गई। पूरे देश में अनियोजित शहरीकरण से अनेक समस्याएं सामने आ रही हैं। रिहायशी इलाकों में व्यावसायिक गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं। नियमों की अनदेखी कर अवैध निर्माण किया जा रहा है। दिल्ली के जिस होटल में आग लगी, उसमें छह कमरों की अनुमति थी, परन्तु 25 कमरे थे। संकरी गली में बहुमंजिला होटल और पार्किंग की व्यवस्था नहीं थी। बड़ी इमारत में प्रवेश और निकासी का मात्र एक दरवाजा था। यह केवल एक इमारत नहीं है। दिल्ली के अलावा देश के अन्य शहरों और कस्बों की गलियों में नियमों को ताक पर रखकर बहुमंजिला इमारतों का निर्माण धड़ल्ले से किया जा रहा है। राजधानी दिल्ली में अग्निशमन के आधुनिक उपकरण और पर्याप्त संख्या में कर्मचारी होने के बाद भी होटल के अग्निकांड में 21 लोग मर गये, दर्जनों लोग घायल हुए। छोटे शहरों और कस्बों में अग्निशमन के आधुनिक उपकरण नहीं हैं। पिछले कुछ वर्षों से बेसमेंट और बहुमंजिला इमारतें कस्बों में बन गई हैं। व्यावसायिक गोदाम रिहायशी क्षेत्र में हैं। लघु उद्योग भी घनी आबादी में हैं। व्यावसायिक गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं। भवन में क्षमता से कई गुना लोगों को समायोजित किया जाता है। ऐसी स्थिति में दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। सुरक्षा के नियम कागजों तक सीमित हैं। नियमों के उल्लंघन के लिए व्यक्ति विशेष को दोषी ठहराना पूरी तरह उचित नहीं होगा। प्रशासनिक तंत्र की ढिलाई को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। उत्तराखंड के मैदानी शहरों में बेसमेंट वाले आवासीय भवन, मॉल, काम्पलेक्स, अपार्टमेंट वाली सोसायटी तेजी से विकसित हुई हैं। शहर में बहुमंजिले भवनों की आग पर नियंत्रण के उपकरण अग्निशमन विभाग के पास नहीं हैं।

# खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेंद्र मोदी और भारतीय कृषि कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की दूरगामी दृष्टि और विकसित भारत के संकल्प के सपने को साकार रूप देने दृष्टिगत खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम की शुरुआत की गई है जिसके तहत कृषि विभाग के सौजन्य से 1 जून से 30 जून, 2026 तक आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम खेत बचाओ अभियान का उद्घाटन विकास खंड सभागार, हल्द्वानी में माननीय सांसद अजय भट्ट द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।




मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट द्वारा जैविक खेती के प्रमाणीकरण और मार्केटिंग की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कृषि उत्पादों के मार्केटिंग के लिए ई-नाम पोर्टल के प्रयोग के बारे में जनता को जागरूक करने की बात कही। सांसद ने कहा कि आज के इस आधुनिक दौर में लोग जैविक खेती के बजाय उर्वरकों का अत्याधिक मात्रा में इस्तेमाल कर रहे हैं जिसके दुष्परिणाम स्वरूप लोगों में असाध्य बीमारियां उत्पन्न ले रही है। माननीय सांसद ने कहा कि यदि खेतों में जैविक/प्राकृतिक खाद का उपयोग किया जाएगा उतना ही हमारे आने वाले भविष्य के लिए बेहतर होगा।

खेतों को उपजाऊ बनाने हेतु गोबर, जैविक खाद, कंपोस्ट खाद का अधिक से अधिक इस्तेमाल करें और दूसरे किसानों को भी जैविक/प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित करें। जैविक खाद प्रयोग करने पर हमारे खेतों की क्षमता बढ़ती रहेगी जिससे अनाज की पैदावार बेहतर और गुणवत्तापूर्ण होगी। इकार्यक्रम में डॉ संजय चौधरी प्रभारी कृषि विज्ञान केंद्र, ज्योलिकोट द्वारा कार्यक्रम में आए किसानों को कीटनाशक और उर्वरकों के संतुलित मात्रा में प्रयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि रासायनिक खादों व दवाई के अंधाधुंध प्रयोग से बचें। बिना एक्सपर्ट की सलाह के रसायनों का प्रयोग करने से बचे। इस दौरान खेती में प्रयोग किए जाने वाले रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभाव से होने वाले रोग बीमारी पर भी चर्चा की। केन्द्रीय शीतजल मात्स्यकी अनुसन्धान संस्थान के निदेशक डॉ अमित पांडे द्वारा मिट्टी की जांच के आधार पर संतुलित पोषक तत्वों के प्रयोग पर जोर दिया गया। जिससे पर्यावरण और भविष्य को सुरक्षित किया जा सके। कार्यक्रम का संचालन डा जितेन्द्र भास्कर द्वारा किया गया।

इस दौरान सहायक परियोजना निदेशक चन्द्रा फर्त्याल , मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, विकास खंड प्रभारी डॉ ममता जोशी, सहायक कृषि अधिकारी देवयानी चौधरी, बीटीएम किशोर मंडल, समेत कुल 100 से अधिक किसनो सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

## आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे भाजपा नेता चुघ, महालक्ष्मी किट का वितरण किया

रुद्रपुर। वरिष्ठ भाजपा नेता और समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर महालक्ष्मी किट का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार अनेक लाभकारी योजनाएं चल रही है जिसका समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। चुघ ने कहा कि सरकारी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों के जरिए बच्चों को उचित शिक्षा दी जा रही है साथ ही सरकार द्वारा योजनाओं का भी उन्हें लाभ दिया जा रहा है जिसमें मिड डे मील, महालक्ष्मी किट आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि समाज के सभी बच्चे शिक्षित हो और नई ऊंचाइयों को छुए ताकि उनके परिवार शहर और प्रदेश का नाम रोशन हो सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सदैव विकास की सोच रखते हैं और निरंतर राज्य को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाल विकास मंत्री रेखा आर्य गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को लाभ देने के लिए निरंतर प्रयासरत रहती हैं। उन्होंने गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के लिए पौष्टिक आहार योजना प्रारंभ की है जिसका हजारों महिलाओं को लाभ मिल रहा है।

# म्यूल अकाउंट्स पर उत्तराखंड एसटीएफ की कार्रवाई दो दिनों की ताबड़तोड़ कार्रवाई में चार मुकदमे दर्ज

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड एसटीएफ/साईबर क्राइम द्वारा म्यूल अकाउंट होल्डर्स और एजेंटों के खिलाफ अब तक 6 मुकदमें पंजीकृत कर 10 अभियुक्तों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा चुकी हैं। एसटीएफ टीम के मुताबिक साईबर ठग आर्थिक रूप से कमजोर एवं मजदूर वर्ग के लोगों को लालच देकर बैंक खाते खुलवाए जा रहे थे। यह खाते बिहार,केरल,कर्नाटक, उत्तर प्रदेश,महाराष्ट्र और तमिलनाडु सहित देश के कई राज्यों में दर्ज साईबर अपराधों की रकम इन खातों में ट्रांसफर हो रही थी। डिजिटल अरेस्ट, इन्वेस्टमेंट फ्रॉड, शेयर मार्केट फ्रॉड, ऑनलाइन ट्रेडिंग फ्रॉड और टास्क फ्रॉड के माध्यम से देश की जनता से ठगे गए करोड़ों रुपयों की लेयरिंग के लिए इस्तेमाल हो रहे थे म्यूल अकाउंट् बैंकिंग अभिलेखों, केवाईसी दस्तावेजों, डिजिटल साक्ष्यो के आधार पर एसटीएफ ने सिंडिकेट का भंडाफोड किया। एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि साईबर अपराधों में प्रयुक्त होने वाले संदिग्ध बैंक खातों के विरुद्ध एक व्यापक और प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एसटीएफ व साईबर टीम को संदिग्ध खातों के सत्यापन एवं विस्तृत वित्तीय विश्लेषण के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने बताया कि इस तकनीकी व वित्तीय जांच में साईबर अपराधियों को म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने वाले एक अत्यंत संगठित गिरोह का संचालित होना प्रकाश में आया है इस बड़े नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए एसटीएफ टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। इस प्रहार के तहत 8 जून संदिग्ध खातों के सत्यापन के आधार पर थाना साईबर क्राइम, देहरादून व कुमाऊँ में 3 एफआईआर (दर्ज कर 4 अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। मुख्य नामजद अभियुक्तों तथा उनके सिंडिकेट से जुड़े अन्य अज्ञात साथियों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि कुल 6 मुकदमें पंजीकृत कराकर 10 अभियुक्तों के खिलाफ प्रभावी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा चुकी है। डीजीपी के निर्देशानुसार संदिग्ध खातों की री-वेरिफिकेशन और इन वास्तविक अपराधियों की धरपकड़ का यह सिलसिला आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान यह तथ्य सामने आए हैं कि अभियुक्तों ने समाज के आर्थिक रूप से कमजोर एवं मजदूर वर्ग के लोगों को सरकारी योजनाओं में लाभ दिलाने या पैसों का प्रलोभन देकर उनके नाम से नए बैंक खाते खुलवाए गए अथवा उनके पूर्व से संचालित खातों की बैंकिंग सुविधाएं (नेट बैंकिंग, चेकबुक, एटीएम) प्राप्त कर साईबर अपराधियों को उपलब्ध कराई जा रही थीं। देश के विभिन्न राज्यों में दर्ज साईबर धोखाधड़ी की गंभीर शिकायतें अंकित हैं।

### प्रारंभिक जांच

स्थानीय सत्यापन और अकाट्य डिजिटल व वित्तीय साक्ष्यों के आधार पर साईबर क्राइम पुलिस स्टेशन देहरादून व कुमाऊं पर दर्ज इन मुकदमों के अंतर्गत धारा 112(2), 318(4), 319(2), 336(2), 336(3), 338, 340(2), 61(2), 3(5) तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम आईटी एक्ट 2000 की धारा 66सी एवं 66डी के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कराया गया है। मामले में नामजद आरोपियों पर यथाशीघ्र गिरफ्तारी व सख्त वैधानिक कार्यवाही के साथ ही, इस साईबर अपराध सिंडिकेट से जुड़े अन्य संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक खातों और संदिग्ध बैंक कर्मियों की भूमिका की भी गहनता से जांच की जा रही है। एसएसपी एसटीएफ ने लोगों से साईबर अपराधियों से बचने की अपील की।

# फिल्मी दुनिया

## श्रद्धा कपूर की नई फिल्म ईथा की रिलीज डेट का एलान




*अभिनेत्री श्रद्धा कपूर के फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। सुपरहिट फिल्म स्त्री 2 के बाद, फैंस श्रद्धा की अगली फिल्म ईथा का काफी समय से इंतजार कर रहे हैं। अब मेकर्स ने आधिकारिक तौर पर इस फिल्म की रिलीज का एलान कर दिया है।*

*श्रद्धा कपूर की फिल्म ईथा इसी साल 28 अगस्त को 2026 को रक्षाबंधन के त्योहार पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। साल 2025 में फिल्म छावा बनाने के बाद, निर्माता दिनेश विजन और निर्देशक लक्ष्मण उतेकर एक बार फिर इस फिल्म के लिए साथ आए हैं। इस फिल्म में श्रद्धा कपूर के साथ रणदीप हुडा और मोहम्मद जीशान अय्यूब भी मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। ईथा की कहानी महाराष्ट्र की मशहूर लावणी और तमाशा कलाकार विथाबाई भाऊ मंग नारायणगांवकर के जीवन पर आधारित एक बायोपिक है। इसमें 1940 से लेकर 1990 के दशक तक के उनके सफर, उनकी सफलता और उनके जीवन के संघर्षों को दिखाया जाएगा।*

### ब्लॉकबस्टर रही थी स्त्री 2

*श्रद्धा कपूर की पिछली फिल्म स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी। राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी और अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकारों से सजी यह फिल्म हिंदी सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार ने भी एक कैमियो किया था।*

# हैदराबाद से करीब 5 करोड़ के आभूषण चोरी कर भाग रहे थे नेपाल, आरोपी गिरफ्त में

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में करीब 5 करोड़ रुपये मूल्य के आभूषण चोरी होने के बाद तेलंगाना के एक आईपीएस अधिकारी ने आधी रात एसएसपी अजय गणपति को सूचना दी कि चोरी में शामिल नेपाली मूल के आरोपी उत्तराखंड के रास्ते नेपाल भागने की फिराक में हैं।

सूचना मिलने पर एसएसपी ने देर रात स्वयं एसओजी टीम के साथ मोर्चा संभाला और रुद्रपुर-बिलासपुर बॉर्डर पर सघन चेकिंग अभियान शुरू कराया। ऑपरेशन की निगरानी एसएसपी स्वयं कर रहे थे। एसएसपी कार्यालय के मुताबिक चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध बस को रोका गया। जिसमें नेपाल भागने की तैयारी कर रहे नेपाली मूल के तीन आरोपियों को चिन्हित कर लिया गया। संयुक्त कार्रवाई के दौरान उत्तर प्रदेश के रामपुर जनपद कोतवाली बिलासपुर क्षेत्र में आरोपियों को दबोच लिया गया। आरोपियों के कब्जे से हैदराबाद से चोरी किए गए करोड़ों रुपये मूल्य के आभूषण भी बरामद हुए। बस उत्तर प्रदेश सीमा में रुकने के कारण बरामदगी एवं अग्रिम वैधानिक कार्रवाई बिलासपुर पुलिस द्वारा की गई। एसएसपी द्वारा की गई यह कार्रवाई उनके अंतर्राज्यीय समन्वय एवं त्वरित पुलिसिंग का उदाहरण है। जिसमें रुद्रपुर पुलिस और रामपुर पुलिस की इस संयुक्त कार्रवाई से सफलता मिली।

News कॉर्नर

## रसोई गैस के दामों में बढ़ोतरी पर कांग्रेसियों का प्रदर्शन

नैनीताल । रसोई गैस सिलिंडर के दामों में बढ़ोतरी पर कांग्रेस ने सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। नगर कांग्रेस कमेटी के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने सरकार का पुतला दहन कर बढ़ी हुई कीमत वापस लेने की मांग की। सोमवार को नगर कांग्रेस कमेटी के बैनर तले तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता मल्लीताल रिकशा स्टेंड के समीप एकत्रित हुए। जहां उन्होंने गैस सिलिंडर की बढ़ी कीमत व बढ़ती महंगाई को लेकर सरकार का पुतला दहन कर विरोध जताया। कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाकर बढ़ी हुई कीमत वापस लेने की मांग की।

# कुविवि नैनीताल की द्विवार्षिक क्रीड़ा परिषद की बैठक आयोजित

नैनीताल
हमारे संवाददाता



कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के क्रीड़ा परिषद की वर्ष 2024-25 तथा 2025-26 की बैठक सोमवार को विवि के द हार्मिटेज भवन में हुई जिसमें खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल तथा ट्रैक सूट दिए गए। इससे पूर्व बैठक में कुविवि के क्रीड़ा सचिव एवं स्पोर्ट्स ऑफि सर डॉ. संतोष कुमार ने क्रीड़ा परिषद की दो वर्षो की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की । बैठक में जिन कालेजों से क्रीड़ा समायोजन शीघ्र जमा करने तथा वर्ष 2026-27 हेतु खेलों का आवंटन तथा क्रीड़ा परिषद हेतु सदस्यों का चयन हेतु कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत को अधिकृत किया गया । बैठक में खेल प्रशिक्षक नियुक्त करने समेत जिला क्रीड़ा विभाग, साई प्रशिक्षण संस्थान से एमओयू करने पर सहमति बनी ।

बैठक के दौरान वर्ष 2024-25 तथा वर्ष 2025-26 हेतु एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी को कुलपति ट्रॉफी सर्वाधिक अंक हासिल करने पर दी गई जबकि द्वितीय स्थान पर सरदार भगत सिंह पीजी कॉलेज रुद्रपुर तथा तृतीय स्थान डीएसबी परिसर नैनीताल ने हासिल किया। इस मौके पर अखिल भारतीय ड्रॉप रोबॉल प्रतियोगिता में रजत, ब्रॉन्ज मेडल जीतने तथा मिनी गोल्फ में स्वर्ण पदक,रजत तथा ब्रॉन्ज मेडल तथा ड्रॉप रोबॉल में स्वर्ण, कुयान कीडो में स्वर्ण,रजत तथा ब्रॉन्ज जीतने वाले खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रैक सूट दिए गए ।

वैशाली पांडे डीएसबी तथा योगेश पांडे रुद्रपुर को बेहतरीन खिलाड़ी 2023-24 के रूप में कुलपति गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। वुड्बॉल,ड्रॉप रोबॉल, पिचक सिलेट,जी जूतसू, ताइकवाडों तथा योगा में अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय के विजेता खिलाड़ियों सम्मानित किया गया। कुलपति स्वर्ण पदक कशिश शर्मा रुद्रपुर, योगेश पांडेय रुद्रपुर 2024-25 तथा 2025-26 हेतु शिवानी रुद्रपुर तथा विक्की मुखिया हल्द्वानी ने कुलपति पदक जीता ।पदक प्राप्त करने वाली टीमों के कोच मैनेजर को भी सम्मानित किया गया । बैठक को प्रो.संजय पंत,कार्य परिषद सदस्य अरविंद सिंह पडियार, दिल्ली विवि के डॉ संदीप तिवारी, वित्त नियंत्रक कमलेश भंडारी, पूर्व क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नागेन्द्र प्रसाद शर्मा ने संबोधित किया । कार्यक्रम का संचालन निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर प्रो. ललित तिवारी ने किया। डॉ संतोष कुमार ने सभी का धन्यवाद किया । बैठक में डॉ. पुष्कर बिष्ट ,डॉ. बी के सिंह, डॉ सुरेंद्र सिंह, डॉ राजेश कुमार,जीवन जोशी तथा अपूर्व बिष्ट, जीवन रावत,अतुल, लाल सिंह तथा शिखा आदि उपस्थित रहे।

# नैनीताल का डाइवर्जन प्लान बना पर्यटकों के लिए परेशानी का सबब

नैनीताल
हमारे संवाददाता



नैनीताल में पर्यटन सीजन के चरम पर पहुंचते ही पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ रही है वही बढ़ते यातायात दबाव को नियंत्रित करने के लिए लागू किए जा रहे डाइवर्जन प्लान से पर्यटकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसके चलते शहर में प्रवेश से पहले विभिन्न स्थानों पर वाहनों को रोके जाने और लंबे समय तक इंतजार करने के कारण पर्यटकों का समय तो बर्बाद हो रहा है।

बता दें जाम और बार-बार डाइवर्जन के चलते उन्हें भारी असुविधा हो रही है पर्यटक लोगों को फिलहाल नैनीताल आने से बचने की सलाह भी दे रहें हैं। यातायात व्यवस्था को और बेहतर नहीं किया गया तो पर्यटकों का रुझान अन्य पर्यटन स्थलों की ओर बढ़ सकता है। रामपुर से आए पर्यटक नावेद कुरैशी ने बताया कि वह सुबह 10 बजे से भवाली से नैनीताल को जा रहें थे लेकिन उन्हें जाने नहीं दिया गया जिसके बाद 30 किलोमीटर घूमने के बाद रुसी बाईपास पर पहुँचे यहा से भी नैनीताल जाने नहीं दिया जा रहा है, पुलिस द्वारा होटल कि पर्ची के लिए कहा गया लेकिन होटलकर्मी से बात करने कि बात कही गई जिसके बाद भी नहीं जाने दिया जा रहा है कहा कि परिवार के साथ आए हैं और सुबह से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसके बाद वापस लौट गएए कहा की पुलिस प्रशासन द्वारा कोई सुविधा यातायात को लेकर नहीं है ना ही अन्य सुविधा है। दूसरी ओर लखनऊ से आए पर्यटक नितिन ने बताया कि रुसी बाईपास में सबसे बढ़ी समस्या शौचालय का है जो इतने गंदे है जिसे कोई भी उपयोग नहीं कर सकता है इसके साथ ही ट्रेवल कि काफ ी दिक्कत हो रही है काठगोदाम में कुछ और बताया जा रहा है यहा पर आकर नैनीताल नहीं जाने दिया जा रहा है रुसी बाईपास आने पर पुलिस द्वारा बताया कि होटल बुकिंग आवश्यक है जब बुकिंग की जा रही है तो काफी महंगे रेट बताए जा रहें हैं। पर्यटकों के लिए सुविधा बनानी चाहिए ताकी आगे भी पर्यटक नैनीताल विजिट करना चाहिए। पर्यटक नितिन सिंह ने बताया कि आने वाले पर्यटक अगर नैनीताल आने का प्लान बना रहें तो पहले ही अपनी तैयारी करें उसके बाद ही घूमने का प्लान बनाए।आगरा से आए पर्यटक सूरज कुमार ने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा बताया की होटल बुकिंग के बाद ही प्रवेश करने दिया जाएगा और यूपी नंबर की गाड़ी है होटल बुकिंग की कोशिस कर रहे है अगर बुकिंग हो जाती है तो तभी नैनीताल जा सकते है नहीं तो वापस लौटना पड़ेगाए कहा की आने वाले पर्यटक नैनीताल आने का प्लान कर रहें है तो होटल बुकिंग करके व भीड़ को मद्देनजर करते हुए ही आए नहीं तो काफी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।









### पर्यटक वाहनों को रोका जाना उचित नहीं:बिष्ट

होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया सीजन की तैयारियां पहले तय होती व्यवस्थाएं पहले से ही की जाती हैं लेकिन पर्यटकों को नैनीताल आने में काफी परेशानी हो रही है गाड़ियों को रोका जा रहा है इसके साथ ही नैनीताल में कई पार्किंग भी खाली पड़ी हुई है पुलिस प्रशासन को पार्किंग की अपडेट के बाद ही गाड़ियों को रोकना चाहिए, गाड़ियों को रोकने की वजह से होटल खाली पड़े हुए है कहा की अगर पार्किंग 70 फीसदी तक फुल हो जाती है उसके बाद ही गाड़ियों को रोका जाता है जिसके बाद शहर में उन्ही को प्रवेश करने दिया जाता है जिनकी होटल में बुकिंग होती है बाकि पर्यटकों को शटल के माध्यम से भेजा जाता हैए इस समय हालात बिल्कुल अलग है नैनीताल में पार्किंग खाली पड़ी हुई है अन्य वर्षों के मुताबिक इस वर्ष पर्यटक काफी कम है सीजन का सबको इंतजार रहता है।

## मंडी चौकी पुलिस ने 96 टेट्रा पैक अवैध शराब के साथ युवक दबोचा

हल्द्वानी। अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंडी चौकी पुलिस ने एक युवक को देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी शराब को स्कूटी से ले जाकर बेचने की तैयारी में था।

पुलिस के अनुसार सोमवार को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक स्कूटी से अवैध शराब लेकर आने वाला है। सूचना पर पुलिस ने मंडी क्षेत्र में घेराबंदी कर संदिग्ध को रोक लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम लोकेश कुमार निवासी जीतपुर नेगी, बताया। स्कूटी पर रखे कट्टे की तलाशी लेने पर दो पेटियों में 96 टेट्रा पैक माल्टा देशी मसालेदार शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर शराब जब्त ओर स्कूटी को भी कब्जे में ले लिया।

आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री और तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## बागजाला की जर्जर सड़क पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, आंदोलन की चेतावनी

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

गौलापार के बागजाला क्षेत्र में लंबे समय से सड़क मरम्मत कार्य शुरू न होने पर ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के निर्माण खंड हल्द्वानी के अधिशासी अभियंता को संबोधित ज्ञापन उनकी अनुपस्थिति में सहायक अभियंता दिनेश कुमार को सौंपा। ज्ञापन में सड़क की बदहाल स्थिति पर नाराजगी जताते हुए जल्द कार्य शुरू न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई।

किसान महासभा के अनुसार, 17 मार्च 2026 को अधिशासी अभियंता कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन के बाद विभाग को ज्ञापन सौंपा गया था। उस दौरान विभागीय अधिकारियों ने बागजाला की सड़क का मरम्मत कार्य तत्काल शुरू कराने का आश्वासन दिया था। साथ ही 13.31 लाख रुपये के स्वीकृत बजट के अतिरिक्त आवश्यकता पड़ने पर मरम्मत मद से भी धनराशि उपलब्ध कराने की बात कही गई थी। महासभा का आरोप है कि एक माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद सड़क मरम्मत कार्य में कोई प्रगति नहीं हुई। इसके बाद 27 अप्रैल 2026 को पुन: ज्ञापन देकर विभाग का ध्यान आकर्षित किया गया, लेकिन इसके बावजूद आज तक कार्य शुरू नहीं हो सका। भाकपा (माले) के नैनीताल जिला सचिव डॉ. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि विभाग लगातार आश्वासन दे रहा है, लेकिन धरातल पर कोई कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि बागजाला गांव की सड़कों की मरम्मत का कार्य शीघ्र शुरू नहीं कराया गया तो ग्रामीणों और किसान महासभा को आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में डॉ. कैलाश पाण्डेय, किसान महासभा बागजाला की कोषाध्यक्ष मीना भट्ट, पूर्व प्रधानाचार्य प्रेम सिंह नयाल, हरक सिंह बिष्ट, नंदी देवी तथा दौलत सिंह कुंजवाल शामिल रहे।



## वेतन मामले में सरकार को दी 10 जून तक की मोहलत

नैनीताल । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने आदेश होने के बाद भी अभी तक मदरसों में पढ़ाने वाले शिक्षकों को वेतन नहीं दिए जाने को लेकर दायर अवमानना याचिकाओं पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने सरकार को नोटिस जारी कर पूछा है कि अभी तक इनका भुगतान क्यों नही हुआ।

# रामपुर,रुद्रपुर और मुरादाबाद के खिलाड़ियों ने मारा मैदान

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैनीताल के डीएसए मैदान में खेली जा रही 100वीं ऑल इंडिया ट्रेड्स कप हॉकी प्रतियोगिता के तहत खेले गए मैचों को देखने के लिए खेल प्रेमियों की काफी भीड़ नजर आयी।

प्रतियोगिता का पहला मैच चैंपियन हॉकी कलब रामपुर और पिथौरागढ़ इलेवन के मध्य खेला गया जिसमें चैंपियन हाकी कलब रामपुर ने यह मैच 5-1 से जीत लिया। प्रतियोगिता का दूसरा मैच गोमती एचसी सुल्तानपुर बनाम यूएसनगर रुद्रपुर के बीच खेला गया जिसमें 4-1 गोल से रुद्रपुर ने जीत दर्ज की। तीसरा मैच हाकी एकेडमी मुरादाबाद व हांकी कलब इंदौर के बीच खेला गया जिसमें जिसमें 8-2 गोल से यह मैच मुरादाबाद ने जीत लिया। तकनीकी समिति में रोहित साह, राजेश साह, ललित साह, दीपक साह, कैलाश बोरा, संजय गुप्ता जबकि उद्घोषक मनोज कुमार रहे।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में डीएसए के महासचिव मनोज जोशी, हाकी सचिव चंद्र लाल साह,उपाध्यक्ष प्रो.देवेंद्र सिंह बिष्ट समेत शैलेंद्र बर्गली समेत डीएसए के पदाधिकारी व सदस्य जुटे रहे।

# निर्मल पाण्डे की मूल संकल्पना पर आधारित नाटक ओ जन्मया नई की प्रस्तुति दी युगमंच ने

नैनीताल
हमारे संवाददाता



संगीत नाटक अकादमी अवॉरडीज थिएटर फेस्टिवल के तहत नैनीताल में युगमंच द्वारा सोमवार को असगर वजाहत द्वारा लिखित प्रसिद्ध नाटक ओ जन्मया नई की भाव पूर्ण प्रस्तुति से दर्शकों को भाव विभोर कर दिया।

संगीत नाटक अकादमी द्वारा नाट्य निर्देशन हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित नैनीताल के रंगकर्मी एवं युगमंच के अध्यक्ष जहूर आलम को सम्मानित किए जाने पर उनके द्वारा अभिनीत प्रसिद्ध नाटक ओ जन्मया नहीं का मंचन शैले हाल नैनीताल में किया गया। प्रसिद्ध नाटककार असगर वजाहत द्वारा लिखित नाटक ओ जन्मया नई की मूल परिकल्पना निर्मल पाण्डे द्वारा तैयार की गयी थी जबकि प्रस्तुति निर्देशन जहूर आलम द्वारा एवं स्क्रिप्ट संपादन प्रदीप पांडे द्वारा किया गया था। नाटक का मूल संगीत बांग्लादेश के सानी जुबेर द्वारा दिया गया है जबकि प्रस्तुति संगीत निर्देशन नैनीताल के संगीतकार नवीन बेगाना थे।ओ जन्मया नहीं नाटक में भारत पाकिस्तान के विभाजन के समय की भयानक दौर के बावजूद मानवीय संवेदनाओं को उजागर करते हुए अपना वतन छोडने के दर्द सहित साम्प्रदायिक सौहार्द का बेहतर संदेश दिया गया था। नाटक में बड़े मार्मिक अंदाज में मानवीय संवेदनाओं को बड़ी खूबसूरती के साथ प्रस्तुत किया गया। नाटक की केंद्रीय भूमिका में रतन लाल जोहरी की माँ की सशक्त भूमिका जहूर आलम द्वारा निभाते हुए एवं कई दृश्यों में दर्शकों को रोने पर मजबूर कर दिया जबकि मिर्जा साहब की भूमिका में वरिष्ठ कलाकार मिथिलेश पाण्डे, पहलवान के दमदार रोल में मदन मेहरा, शायर नासिर काजमी के रूप में मनोज कुमार, हमीदा बेगम के रूप में अदिति खुराना, मौलवी की भूमिका में डॉ मोहित सनवाल, तन्नो की भूमिका में हर्षिता गुसाई, मुनादी वाला में कौशल साह, हिदायत खां की भूमिका में डॉ. हिमांशु पाण्डे सहित अलीम, पवन कुमार, हामिद, नीरज डालाकोटी, कस्टोडियन दीपक बोरा व हर्ष यादव द्वारा सराहनीय योगदान दिया देते हुए नाटक को यादगार बना दिया। मंच संचालन हेमंत बिष्ट ने किया।पार्श्व में प्रकाश व्यस्था अनिल कुमार, वित्त एवं निर्माण नियंत्रक भास्कर बिष्ट एवं रफ त आलम, संगीत गायन में रोहित जोशी, उमा, मीनाक्षी बंगारी, दिया आर्या, अनुष्का कोहली सहित रोहित बर्मा, हर्षिता, कनिका, विवेक खोलिया, इंतखाब आलम व वीरेंद्र साह आदि सहित प्रस्तुति को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से राजीव लोचन साह, डी के शर्मा तथा शारदा संघ के प्रो. डी एस बिष्ट व चंद्र लाल साहए आदि द्वारा योगदान दिया गया।

प्रस्तुति में संगीत नाटक अकादमी की प्रतिनिधि के तौर पर उत्तराखंड की प्रसिद्ध लोक गायिका पद्मश्री डॉ बसंती बिष्ट, पद्म अनूप साह, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ सरस्वती खेतवाल, समाज सेवी के पी साह, आलोक साह, गीता साह, राजीव लोचन साह समेत कई लोग मौजूद रहे।